

प्रिय प्रदेशवासियों,

हमने संकल्प पत्र में 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' का वादा किया था, जिसे हमने पूरा करके दिखाया है। बार-बार चुनाव और आचार संहिता के कारण विकास की गति प्रभावित होती है; एक साथ चुनाव से इस व्यवधान को कम किया गया है।

आपका वोट राजस्थान के बेहतर भविष्य का संकल्प है। संकल्प वही, जिसे धरातल पर उतारा जाए; वादा वही, जिसे पूरा किया जाए। नए राजस्थान, नए विश्वास और नई रफ्तार के लिए; भाजपा को वोट दें-विकास के लिए, विश्वास के लिए।

"घर से निकलें, बूथ तक जाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाएं" "आपका वोट - आपके क्षेत्र का भविष्य तय करेगा”

जिस शहर में हमारा घर है, जहाँ हमारे बच्चे बड़े होते हैं, जहाँ हमारी खुशियाँ और हमारी यादें बसती हैं , उस शहर का भविष्य तय करने का अवसर हमारे हाथ में है। इस बार आपको केवल वोट ही नहीं डालना बल्कि अपने शहर के बेहतर कल के लिए मतदान करना है ।

स्थानीय निकाय चुनावों का यह अवसर हमें अपने मोहल्ले, कस्बे, शहर और अपने आसपास के विकास की दिशा तय करने का अधिकार देता है। इसलिए मेरा आप सभी से अनुरोध है कि अपने घर से अवश्य निकलें और मतदान केंद्र तक पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व ने देश में विकास और सुशासन का एक नया विश्वास पैदा किया है। डबल इंजन की हमारी सरकार इसी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

याद रखिए, लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब नागरिक जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। मतदान करना हमारा राष्ट्र के प्रति अपने संवैधानिक कर्तव्यों की भावना को निभाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। अपने क्षेत्र के समुचित विकास के लिए आप जैसे शहर चाहते हैं, वैसे शहर बनाना आपके हाथ में है। अपने वोट के माध्यम से आप यह काम बखूबी कर सकते हैं।

देश और प्रदेश की विकास यात्रा में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इसके लिए आपसे आग्रह है कि भारतीय जनता पार्टी को नगरीय निकायों में विजय दिलाकर हमारी डबल इंजन की सरकार में शहरी सरकार का तीसरा इंजन जोड़ें और ट्रिपल इंजन की सरकार का निर्माण कर विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में सहयोगी बनें।

कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान स्थानीय निकायों के कुशासन से आप भली-भांति परिचित हैं। कांग्रेस के कुशासन का दौर गया, अब विकास की बारी है। कुशासन से त्रस्त थे, अब सुशासन का साथ दें।

आइए, हम सब मिलकर हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप विकसित राजस्थान के निर्माण में अपना सहयोग करें।

आपका अपना

**- भजनलाल शर्मा**

नगर निकाय चुनाव में

**कमल खिलाना है**

विकास को आगे बढ़ाना है